महत्वपूर्ण एवं खास

सीएम के शपथ लेने के जल्द से जल्द होगा मंत्रिमंडल का गठन

वरिष्ठ व अनुभवी विधायकों को मिलेगा कैबिनेट में स्थान

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के ठीक बाद मंत्रिमंडल के गठन की तैयारियां तेज हो जाएंगी। 90 सीटों वाले विधानसभा में बाध्यतता के चलते केवल 13 ही विधायक मंत्री बन सकते हैं, ऐसे में 68 विधायकों में से केवल चुनिंदा और वरिष्ठ विधायकों को ही मंत्री पद किया जाना है। ऐसे में प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी विधायकों का मंत्री बनना तय माना जा रहा है।

राज्य में स्पष्ट बहुमत लाने के बाद राज्य सरकार के मुखिया के रूप में आज भूपेश बघेल पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने वाले हैं। मुख्यमंत्री शपथ लेने के बाद अब मंत्रिमंडल के गठन की तैयारियां भी तेज हो जाएंगी। इसके पीछे प्रमुख कारण यह है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चुनाव के पूर्व ही घोषणा कर दी थी कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही दस दिनों के भीतर किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर कांग्रेस के घोषणाओं पर अमल लाने की कवायद चुनाव परिणाम आने के बाद से ही शुरू कर दी गई थी।

एक महीने तक नहीं हो सकेंगे मांगलिक कार्य

बिलासपुर (आरएनएस)। रविवार से खरमास की शुरुआत होते ही वैवाहिक कार्य सहित सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों में रोक लग गई है। 14 जनवरी तक चलने वाले खरमास की वजह से एक महीने तक मांगलिक कार्य नहीं हो सकेंगे। भगवान सूयदेव के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही मलमास(खरमास) की शुरुआत हुई। भगवान सूर्यदेव 14 जनवरी तक लगभग एक महीने तक धनु राशि में रहेंगे। तब तक मलमास रहेगा। ज्योतिषाचार्य पं.दीपक शर्मा ने बताया कि शास्त्रगत मान्यताओं के आधार पर खरमास में शुभ कार्य नहीं करने का विधान है। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही खरदोष लगता है। इस वजह से विवाह के साथ ही गृहप्रवेश, जनेऊ संस्कार, देव प्राण प्रतिष्ठा व मुंडन संस्कार, मकान निर्माण कार्य, नया कार्य शुरू करने समेत अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। 14 जनवरी को भगवान सूर्यदेव के उत्तरायण होते ही मलमास(खरमास) की समाप्ति होगी। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत होगी।

जबलपुर से विशाखापट्टनम के बीच स्पेशल ट्रेन शुरू

बिलासपुर (आरएनएस)। यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे ने जबलपुर से विशाखापत्तनम के बीच एक स्पेशल ट्रेन चला रही है। साथ ही बिलासपुर की बजाय उसलापुर से बाइपास होते हुये रायपुर की ओर रवाना होगी। शीतकालीन अवकाश की वजह से ट्रेन में भारामारी की स्थिति रहने वाली है। ऐसे में स्पेशल से राहत मिलने की उम्मीद है। यह ट्रेन 17, 24 व 31 दिसंबर को 01703 नंबर जबलपुर से विशाखापत्तनम के लिये छूटेगी। इसी तरह विपरीत दिशा में 01704 नंबर से 18 व 25 दिसंबर एवं एक जनवरी को विशाखात्तनम से जबलपुर के लिये छूटेगी। जबलपुर से 20.10 बजे छूटकर 21.15 बजे कटनी, 23.32 बजे शहडोल, रात 12.13 बजे अनूपपुर, 12.56 बजे पेंड्रा, 3.20 बजे उसलापुर पहुंचेगी। यहां 10 मिनट ठहरने के बाद 3.30 बजे छूटकर 4.23 बजे भाटापारा और 6.15 बजे रायपुर पहुंचेगी। विशाखापत्तनम पहुंचने का समय 17.00 निर्धारित किया गया। इसी तरह विशाखापत्तनम से मंगलवार को 20.25 बजे भाटापारा, 11.10 बजे उसलापुर, 12.50 बजे पेंड्रा, 13.50 बजे शहडोल, 17.15 बजे कटनी और 19.00 बजे शहडोल पहुंचेगी।

छह माह से पेंशन नहीं मिली

कोरबा (आरएनएस)। पूर्व गृहमंत्री एवं वर्तमान विधायक ननकीराम कंवर ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अपने क्षेत्र में जनसंपर्क प्रारंभ कर दिया है। विधायक कंवर को बेहरचुआं, बोतली, बोकरदा के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले छह माह से उन्हें पेंशन नहीं मिली है।

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम ने कहा कि जब तीन-चार माह पहले भाजपा की जनसंपर्क यात्रा चल रही थी, तब भी पेंशन नहीं मिलने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पेंशन की समस्या को तत्काल सभी जगह खत्म करने और पेंशनधारी बैंक से नकद रूप से पेंशन प्रदान करने का आदेश दिया था, लेकिन प्रशासन के अधिकारियों की लापरवाही से पेंशनधारियों को तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बैंक में पैसा लेने जाने पर बैंक के अधिकारी आधार कार्ड लिंक, अंगूठा निशान में त्रुटि का हवाला देते हैं। कभी केवाइसी नहीं होने की बात कही जाती है। इस तरह पेंशनधारियों को परेशान होना पड़ रहा है।

पहली कैबिनेट में किसानों की कर्जमाफी का फैसला-बघेल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार के घोषित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पत्रकारों से चर्चा में कहा कि मंत्रिमंडल का गठन होने के बाद मंत्रिमंडल की पहली ही बैठक में किसानों की कर्जमाफी का फैसला लिया जाएगा।

राजीव भवन में आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में भूपेश बघेल का नाम घोषित किया गया है। वे 17 दिसंबर को राजधानी के साईंस कॉलेज मैदान में मुख्यमंत्री के पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री के शपथ के बाद मंत्रिमंडल का गठन होगा जिसके बाद सबसे पहली मंत्रिमंडल की बैठक में कांग्रेस के घोषणा पत्र में छत्तीसढ़ के किसानों के साथ किया कर्ज माफी का वादा को पूरा करेंगे और उक्त प्रस्ताव को मंजूरी देंगे। साथ ही पहली बैठक में कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल अन्य मुद्दों पर भी चर्चा एवं निर्णय लिए जा सकते है।

भूपेश बघेल ने ट्वीट कर राहुल गांधी का आभार जताया:

छत्तीसगढ़ की कमान मिलने के बाद भूपेश बघेल ने पहला ट्वीट करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का आभार जताया है। उन्होंने टवीट में लिखा है कि राहुल गांधी ने मुझे पहले बहुमत लाने की जिम्मेदारी दी और अब नवां छत्तीसगढ़ गढ़ने का दायित्व सौंपा है।

छत्तीसगढ़ की महान जनता को मैं विश्वास दिलाता हूं कि कांग्रेस की सरकार जन आकांक्षाओं, आशाओं व अभिलाषाओं को पूरी करने वाली सरकार होगी।

मप्र के घोषित मुख्यमंत्री कमलनाथ ने फोन पर बघेल को दी बधाई:

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद के लिए भूपेश बघेल का नाम घोषित होने के बाद मध्यप्रदेश के घोषित मुख्यमंत्री कमलनाथ ने फोन पर श्री बघेल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

श्री बघेल ने भी कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। दोनों ने फोन पर एक दूसरे को बधाई देने के साथ औपचारिक बातें की। श्री बघेल और श्री कमलनाथ एक ही दिन कल 17 तारीख को मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेंगे।

गुरू बाबा घासीदास ने देश और दुनिया को दी मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा : भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री ने जनता को दी गुरू घासीदास जयंती की बधाई

छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल 18 दिसम्बर को गुरू बाबा घासीदास जी की जयंती के अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होने गुरू घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर आज यहां जारी शुभकामना संदेश में कहा है - गुरू बाबा घासीदास जी भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के अनमोल रत्नों में से थे, जिन्होंने सत्य, अहिंसा, दया, करूणा और परोपकार जैसे सर्वश्रेष्ठ मानवीय मूल्यों पर आधारित अपने महान जीवन दर्शन के जरिये देश और दुनिया को मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। हमारी सरकार गुरू बाबा घासीदास के बताए मार्ग पर चलकर नये छत्तीसगढ़ के निर्माण और विकास के लिए वचनबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा-गुरू बाबा की जन्म स्थली और तपोभूमि गिरौदपुरी धाम छत्तीसगढ़ के साथ-साथ सम्पूर्ण राष्ट्र के पावन तीर्थो में से एक है। बघेल ने कहा - महान विभूतियों का जीवन दर्शन सभी मनुष्यों के लिए प्रेरणादायक होता है। गुरू बाबा घासीदास भी एक ऐसे महान तपस्वी और मनीषी थे, जिनके विचार और उपदेश प्रत्येक मनुष्य के लिए कल्याणकारी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गुरू बाबा घासीदास से सभी लोगों के जीवन में सुख-समृद्धि और शांति तथा खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्रदान करने की प्रार्थना की है।

छग में नेता प्रतिपक्ष कौन बनेगा, भाजपा में नाम पर चर्चा शुरू

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2018 में करारी हार के बाद अब भाजपा विधानसभा में विपक्ष की भूमिका में नजर आएगी। विपक्षी पार्टी होने के साथ भाजपा में अब नेता प्रतिपक्ष के चयन को लेकर कवायद भी शुरू हो चुकी है।

भाजपा से नेताप्रतिपक्ष के लिए सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह का नाम चल रहा है। डा. सिंह के अलावा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल के नाम की भी चर्चा है। हालांकि नेताप्रतिपक्ष कौन बनेगा इसका फैसला हाईकमान करेगा। नेताप्रतिपक्ष के चयन के लिए हाईकमान अपने पर्यवेक्षक भी यहां भेज सकता है।

विदित हो कि भाजपा प्रदेश में 90 विधानसभा सीटों में से सिर्फ 15 सीटों पर ही जीत दर्ज की है। कांग्रेस की बात करें तो पिछले 3 साल के चुनाव में कांग्रेस को जरूर हार का सामना करते हुए सत्ता से दूर रहना पड़ा लेकिन चुनाव में बढ़ते क्रम में क्रमशः 33, 37, 39 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए छग विधानसभा चुनाव में आक्रामक रूप में नजर आई। लेकिन दूसरी ओर चुनाव 2018 में सिर्फ 15 सीटों के साथ विपक्ष की भूमिका में रहने वाली भाजपा काफी कमजोर स्थिति में नजर आ रही है। भाजपा अब 5 साल तक किस रूप में विपक्ष की भूमिका निभाएगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

पे-थाई ने बदला मौसम, बारिश से बिलासपुर तरबतर

बिलासपुर (आरएनएस)। चक्रवात पे-थाई के सक्रिय होने से उसका असर शहर समेत संभाग के मौसम पर भी पड़ा है। इसी के चलते आसमान में एक बार फिर बादल छा गए हैं। सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर तक इसी तरह की स्थिति रही और पुरे जिले में हल्की बारिश होती रहीं पूरा दिन ठंड भी महसूस की गई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, अभी दक्षिण-पश्चिम और संगत पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाता पे-थाई बना हुआ है। यह रविवार को चेन्नई से 380 किलोमीटर पूर्व दक्षिण पूर्व और मछलीपटनम से 480 किलोमीटर दक्षिण पूर्व के आसपास केंद्रित था। इसके अधिक तीव्र होकर भीषण चक्रवात बनने की आशंका जताई गई है। इन सबके बीच चक्रवात का असर शहर के मौसम पर पड़ा है। ऐसे में रविवारको सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए हुए थे, शाम को बूंदाबांदी भी हुई। साथ ही सामान्य से तेज व ठंडी हवा चलती रही। इससे लोगों को दिन में भी ठंड महसूस हुई। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम रहा और यह 23.7 डिग्री दर्ज किया गया।

हालांकि रात में पारा सामान्य रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले समय में चक्रवात की सक्रियता बढ़ने से एक से दो दिनों में बारिश होती रहेगी।

हाईकोर्ट के महाधिवक्ता किशोर गिल्डा ने दिया इस्तीफा

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस की सरकार बनते ही इस्तीफों का दौर जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों, निगम मंडलों के अध्यक्षो के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार के महाधिवक्ता जुगल किशोर गिल्डा ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री गिल्डा पूर्व में उप महाधिवक्ता व अतिरिक्त महाधिवक्ता रह चुके हैं।

भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के ऐलान के पहले ही युगल किशोर गिल्डा ने अपना इस्तीफा राजभवन को भेज दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा क्यों दिया है इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है।

नारियल तेल बाल ही नहीं, स्किन को भी रखता है हेल्दी

नारियल तेल लगाने से न केवल बाल लंबे और घने रहते हैं बल्कि त्वचा के लिए भी यह कम फायदों से भरा नहीं है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं नारियत तेल के फायदे...

रिंकल्स आने से रोकता है

नहाने के बाद त्वचा पर नारियल तेल की मसाज न केवल त्वचा का ग्लो बढ़ाती है, बल्कि ऐंटी एजिंग के रूप मे भी काम करती है। इसमें मौजूद ऐंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की कोशिकाओं को नष्ट होने से बचाते हैं और फैटी ऐसिड त्वचा पर झुर्रियों को दूर रखता है।

त्वचा संबंधी समस्याओं में फायदेमंद

त्वचा के कटने, जलने या ऐलर्जी से राहत चाहिए, तो जान लें कि नारियल तेल में ऐंटी बैक्टीरियल, ऐंटी फंगल और ऐंटी इन्फ्लामेट्री तत्व हैं।

मेकअप रिमूवर

दिनभर मेकअप के कारण त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं लेकिन रुई में नारियल तेल लगाकर चेहरे की सफाई इन्हें खोल देती है। प्राकृतिक क्लींजर के तौर पर न इससे आप त्वचा की सफाई कर सकते हैं, बल्कि यह त्वचा की नमी भी बरकरार रखता है।

खूबसूरत होठों के लिए भी फायदेमंद

अक्सर शरीर में पानी की कमी के चलते होंठ फटने लगते हैं। इसके लिए भी नारियल तेल काफी कारगर है। इसके लिए आप नारियल तेल को लिप बाम की तरह इस्तेमाल करें। दिन में तीन से चार बार इसे लगाएं।

डेड स्किन दूर करने में भी कारगर

चीनी में नारियल तेल मिलाकर स्क्रब करने से यह आपकी त्वचा से डेड स्किन दूर खत्म होती है। साथ ही आपकी त्वचा को सॉफ्ट और चमकदार बनती है।

मुख्यद्वार पर रखने से समृद्धि, सौभाग्य का साथी है फेंग्शुई हाथी

हाथी जंगल का राजा भले ही न हो, लेकिन इसका मान और महत्व किसी भी तरह

राजा से कम नहीं। हाथी पुरातन समय में राजाओं की सवारी होता था। यह आज भी धार्मिक जलसों की शोभा बढ़ाता है। बौद्ध मत हाथी को एक पवित्र जानवर मानता है। हाथी का महत्व महज इतना ही नहीं है। स्वप्न विज्ञान कहता है कि सपने में हाथी की सवारी करना उच्च पद, प्रतिष्ठा दिलाता है। फेंग्शुई ने भी हाथी के महत्व को स्वीकारते हुए इसे एक बेहद प्रभावशाली गैजेट बताया है। फेंग्शुई में हाथी को सामर्थ्य, सफलता और सौभाग्य का साथी माना जाता है।

ऐक्टिंग नहीं इस काम की ट्रेनिंग ले रहे हैं शाहरुख खान के बेटे आर्यन

बॉलिवुड स्टार शाहरुख खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री मे अपनी अच्छी खासी जगह बना चुके हैं। अब उनके बच्चे आर्यन और सुहाना बड़े हो रहे हैं तो उम्मीद की जा रही है कि वे भी ऐक्टिंग की दुनियां में कदम रख सकते हैं। सुहाना के बॉलिवुड में एंट्री की खबरें भी आ रही हैं लेकिन आर्यन के करियर को लेकर अभी तक कोई खबर नहीं आई। फाइनली इस बारे में शाहरुख ने हाल ही में खुलासा किया और बताया कि वह ऐक्टिंग नहीं करना चाहते। शाहरुख ने बताया, आर्यन ऐक्टर नहीं बनना चाहते बल्कि वह फिल्में बनाना चाहते हैं, डायरेक्टर बनना चाहते हैं और यूएस में ट्रेनिंग ले रहे हैं। वहीं अबराम के बारे में शाहरुख ने बताया कि उन्हें अभी पता नहीं है लेकिन वह काफी गुड लुकिंग हैं तो रॉक स्टार बन सकते हैं। वहीं शाहरुख यह भी कहना नहीं भूलते कि गुड लुकिंग होने से ऐक्टर बनने का कोई लेना-देना नहीं। वह कहते हैं, आपके आसपास के लोग कह सकते हैं हैंडसम है, लंबा है, बॉडी अच्छी है लेकिन अगर लुक्स ही क्राइटेरिया होते तो मैं कभी ऐक्टर न बन पाता। न तो मेरा बेटा न ही बेटी ऐक्टर्स बनने के लिए ग्रूमिंग कर रहे हैं।

सिम्बा ब्लॉकबस्टर होगी : दीपिका

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का कहना है कि उनके पति रणवीर सिंह की आगामी फिल्म सिम्बा ब्लॉकबस्टर होगी। दीपिका ने निकलोडियन किड्स चॉइस अवॉर्डस 2018 में कहा, मुझे लगता है कि यह फिल्म बेहद सफल होगी। इसलिए, हम अभी सिर्फ फिल्म की रिलीज पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और उसके बाद हम हनीमून और जन्मदिन के बारे में सोचेंगे।

सिम्बा के ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने उल्लेख किया था कि उन्होंने दीपिका को फिल्म के कुछ हिस्से दिखाए थे और उन्होंने कहा था, हॉट लग रहा है। गुरुवार को दीपिका ने भी यही दोहराते हुए कहा, हां जब मैंने ट्रेलर देखा था तब यही कहा था। मुझे यह बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा, यह रोहित शेट्टी की फिल्म हैं और चेन्नई एक्सप्रेस में उनके साथ काम करके मजा आया, लेकिन साथ ही मैं यह कहना चाहती हूं कि सिम्बा ब्लॉकबस्टर होगी। यह फिल्म 28 दिसंबर को रिलीज होगी।

आयुष के लिए अब दूसरी फिल्म बना रहे सलमान खान

सलमान खान एक बार फिर से आयुष शर्मा को मेन लीड में रखकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म के लिए वह काफी दिनों से कोशिश कर रहे थे लेकिन उन्हें हिंदी राइट्स मिलने का इंतजार था। अब उन्हें राइट्स मिल चुके हैं, ऐसे में उम्मीद है कि फिल्म जल्द बननी शुरू हो जाएगी। बता दें कि फिल्म सच्ची कहानियों पर बेस्ड होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान फिल्म को लेकर इसी हफ्ते आयुष शर्मा के साथ मीटिंग करेंगे। इसमें फिल्म के निर्देशक,

आयुष के किरदार से लेकर लीड रोल के लिए ऐक्ट्रेस का नाम फाइनल किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में आयुष ऐक्शन रोल में देखे जा सकते हैं। मराठी भाषा में बनी यह फिल्म मुलसी, पुणे की मुलसी तहसील की सच्ची कहानियों पर आधारित है। इसमें मेन रोल ओम भूतकर ने प्ले किया था। फिल्म में दिखाया गया था कि कैसे अपनी जमीन खोने के बाद किसान गरीबी और तंगहाली से परेशान होकर क्राइम की दुनिया में शामिल होते हैं तो कुछ माफिया भी बन जाते हैं। फिल्म में महेश मांजेरकर, मोहन जोशी और उपेंद्र लिमाय ने काम किया था। जिसे मराठी सिनेमा में खूब सराहा गया। फिल्म का निर्देशन प्रवीण विट्ठल तारदे ने किया था।

बता दें कि आयुष फेम लवयात्री भी सलमान खान ने प्रड्यूस की थी। इसमें आयुष के साथ ही लीड ऐक्ट्रेस के तौर पर वारीना हुसैन भी पहली बार दर्शकों के सामने आई थीं। कहा जा रहा है कि आयुष ने संजय दत्त के साथ एक और फिल्म साइन की है, जिसमें वह ऐक्शन हीरो की भूमिका में नजर आएंगे।